# प्रेस नोट थाना कटरा

# शाहजहाँपुर पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक - 22.08.2026

### थाना कटरा पुलिस की टीम को मिली बड़ी सफलता, 01 अन्तर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 430 ग्राम फाइन क्वालिटी की अवैध अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 50 हजार रुपये) बरामद।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई ।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 21.08.2026 को थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की तलाश तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 23:03 बजे हुलास नंगला पुल से लगभग 20 मीटर आगे थाना कटरा क्षेत्र से अभियुक्त आकाश पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर, थाना बिसौली, जनपद बदायूँ, उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की जामा तलाशी से 430 ग्राम अवैध अफीम, एक अदद स्क्रीन टच मोबाइल फोन तथा एक अदद टाटा नेक्सॉन कार संख्या UP24BL6999 बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना कटरा पर मु०अ०सं० 258/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

आकाश पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर थाना बिसौली जनपद बदाँयू उम्र करीब 26 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 258/26 धारा 8/18 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर ।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 30/23 धारा 8/18/29 NDPS ACT थाना भमोरा जनपद बरेली ।

मु0अ0सं0 258/26 धारा 8/18 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर ।

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरणः-**

दिनाँक 21.08.26 को समय करीब 23.03 बजे, हुलास नंगला पुल के बराबर मे 20 मीटर आगे

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 430 ग्राम अवैध अफीम।
2. एक अदद स्क्रीन टच मोबाइल फोन।

3. एक अदद टाटा नेक्सॉन कार, रंग सलेटी, संख्या UP24BL6999, जो धारा 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत सीजशुदा है।

**पूछताछ का संक्षिप्त विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्त आकाश पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर, थाना बिसौली, जनपद बदायूँ से बरामद अवैध अफीम के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि बरामद अवैध अफीम वह गोरखपुर से लेकर आया था, जिस व्यक्ति से अफीम प्राप्त की थी उसका नाम-पता पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि उसे उक्त व्यक्ति का नाम-पता ज्ञात नहीं है। अभियुक्त ने बताया कि वह बरामद अफीम को तस्लीम पुत्र नामालूम निवासी बस स्टैण्ड के पास, जनपद बरेली को देने जा रहा था। अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह अवैध रूप से अफीम की खरीद-फरोख्त कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। अभियुक्त द्वारा बताए गए तथ्यों के आधार पर प्रकरण में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के संबंध में जानकारी एवं साक्ष्य संकलित करते हुए आवश्यक वैधानिक एवं विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री सागर मानव थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 आशीष कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 योगेन्द्र सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।